समाचार

# 29 मई को वार्ड क्र. 07, 16, 31, 32, 47, 53, 59, 66 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट



कोरबा 28 मई 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 29 मई शनिवार को वार्ड क्र. 07, 16, 31, 32, 47, 53, 59, 66 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 1044 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 49647 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 मई शनिवार को वार्ड क्र. 07 गोकुलगंज जैतस्तंभ के पास, वार्ड क्र. 16 जोगियाडेरा मांझी मोहल्ला सामुदायिक मंच, वार्ड क्र. 31 खरमोरा आंगनबाड़ी बजरंग चौक, वार्ड क्र. 32 प्राथमिक शाला रिसदी, वार्ड क्र. 47 डुमरमुड़ा सांस्कृतिक मंच, वार्ड क्र. 53 तुलसीनगर प्राथमिक शाला के पीछे आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 59 विकास नगर बाजार सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 66 इंदिरा नगर पानी टंकी सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी।

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित